गोबरधन योजना

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत जनपद में 02 बायोगैस प्लान्ट के स्थापना किया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रीन एनर्जी को बढावा देना है। गोबर के माध्यम से कम लागत पर ईंधन एवं स्लज को वर्मी कम्पोस्टिंग के द्वारा कृषि कार्य में जैविक खेती को बढ़ावा देना है। जनपद में विकास ख़ण्ड पहाड़ी की ग्राम पंचायत महुआरी में 45 क्यूबेक घन मीटर का प्लान्ट स्थापित है जिसके द्वारा गौशाला में कार्यरत 8 व्यक्तियों को प्रकाश व्यवस्था एवं भोजन बनाने तथा 5 परिवारों के लगभग 22 व्यक्तियों को भोजन बनाने एवं प्रकाश की व्यवस्था की गयी है। इसी प्रकार विकास खण्ड हलिया की ग्राम पंचायत गलरा में स्थापित 45 क्यूबेक घन मीटर का प्लान्ट स्थापित है जिसके द्वारा गौशाला में कार्यरत 8 व्यक्तियों को प्रकाश व्यवस्था एवं भोजन बनाने तथा कम्पोजिट विद्यालय के 123 बच्चों का मध्यान्ह भोजन एवं प्रकाश की व्यवस्था की गयी है।

CamScanner